Page Three


Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# कन्ट्रोल रूम एवं आईटी सेक्टर को और मजबूत करने की जरूरत

## कोविड-19 के प्रभावी नियंत्रण के लिए अधिकारियों की बैठक

**निर्देश**

■मास्क का इस्तेमाल न करने एवं सार्वजनिक स्थानों पर थूकने वालों पर हो जुर्माने की कारवाई

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को सचिवालय में कोविड–19 के प्रभावी नियंत्रण के लिए अधिकारियों की बैठक ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाहरी राज्यों से उत्तराखण्डवासी काफी संख्या में आ रहे हैं, ये जिन जनपदों में आ रहे हैं, वहां पर थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था की जाए ताकि उत्तराखण्ड के बोर्डर ऐरिया पर स्क्रीनिंग का लोड कुछ कम हो सके। बाहर से आने वाले लोगों को जहां पर क्वारंटाइन किया जा रहा है, उसकी नियमित मोनिटरिंग की जाए। इसके लिए कर्मिकों की तैनाती की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना पर नियंत्रण के लिए सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क की अनिवार्यता का कड़ाई से पालन करवाया जाए।



यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों के पास मास्क की उपलब्धता हो। मास्क का इस्तेमाल न करने वालों एवं सार्वजनिक स्थानों पर थूकने वालों पर जुर्माने की कारवाई की जाए। बाहरी राज्यों के जो श्रमिक उत्तराखण्ड में हैं, अगर वो अपने राज्यों में वापस जाना चाहतें हैं, तो सम्बन्धित राज्यों से जो वाहन आ रहे हैं, उन्हें उन वाहनों में भेजने की व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाहरी राज्यों से जितने भी लोग आ रहे उनका पूरा डाटा रखा जाए कि ये कहां पर क्वारंटाइन किये गये हैं। यदि इनमें से कोई कोरोना पॉजिटिव पाया जाता है तो अन्य लोगों को भी ट्रेस किया जा सके। इसके लिए पुलिस द्वारा संबंधित लोगों को अलर्ट के लिए एस.एम.एस भेजने की व्यवस्था भी की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कन्ट्रोल रूम एवं आईटी सेक्टर को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिन लोगों को क्वारंटीन किया जा रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधानों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है एवं पूरा सहयोग दिया जा रहा है।

बैठक में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव ओम प्रकाश, डीजीपी अनिल कुमार रतूड़ी, सचिव अमित नेगी, नितेश झा, शैलेष बगौली, आईजी संजय गुंज्याल, निदेशक एनएचएम युगल किशोर पंत एवं डीजी स्वास्थ्य श्रीमती अमिता उप्रेती उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### गडकरी ने दिलाया भरोसा

**संवाददाता** पिथौरागढ़। केन्द्रीय सड़क परिपवहन एवं राजमार्ग जहाजरानी और एमएसएमई मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पिथौरागढ़ से मुंसयारी तक सडक को आने वाले छह माह के भीतर पूरा होने की उम्मीद जताई है। बता दें कि पिथौरागढ़ मुसयारी रोड राज्य की आर्थिकी के साथ ही देश की सामारिक सुरक्षा के लिहाज से खास है। वही माइनस 8 डिग्री तापमान में सडक का निर्माण शुरू हो चुका है। वही मिग 26 से क्षेत्र में ड्रिलिंग मशीने पहॅुचाई गई है। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने यह भरोसा दिलाया कि छह माह के भीतर ये सडक जहां तैयार हो जायेगी वही अब आसानी से चीन सीमा तक पहुचने में सुलभता होगी।

### जिले में महिला समूह में आत्मनिर्भर बनने की कवायत शुरू

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत जनपद में इन दिनों महिला समूह में आत्म निर्भर बनने की कवायत शुरू हो चुकी है। बता दें कि जिले में महिलाएं कृषि दुग्ध सहित अनेक विपणनों का उत्पादन कर स्वंय को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी है। जानकारी के मुताबिक ये सब पीएम के संदेश के असर का प्रभाव के कारण दिखा है। जानकारी के मुताबिक जिले में महिलाएं विपणनों का उत्पादन कर अपनी आजीविका भी चला रही है। वही जिला विकास अधिकारी ने बताया कि स्थानीय महिलाओं के इसकार्य को प्रोत्साहित करने के लिए विकास विभाग बहुत जल्द बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा।

### शिवनादर यूनिवर्सिटी ने अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए अपडेटेड आवेदन प्रक्रिया की घोषणा की

**संवाददाता** देहरूदन। शिव नादर यूनिवर्सिटी (भारत का अग्रणी बहुविषयक एवं शोध–केंद्रित, विश्वविद्यालय तथा भारत सरकार द्वारा 'इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस' के रूप में सम्मानित) ने आज कोविड–19 की महामारी के परिप्रेक्ष्य में अपने अंडरग्रेजुएट कार्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया में संशोधन किए जाने की घोषणा की। यह विश्वविद्यालय देश के उन कुछ शैक्षणिक संस्थानों में है, जो सुरक्षित एवं एंटी–चीटिंग सर्वियलेंस युक्त एआई प्रक्रिया का इस्तेमाल कर दूरस्थ प्रणाली से प्रॉक्टर्ड प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा। प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय सैट स्कोर भी स्वीकार कर रहा है। जेईई मेंस (जनवरी) 2020 में 80 पर्सेंटाईल या उससे ज्यादा अंक वाले विद्यार्थी एसएनयू–सैट एवं एपीटी में बैठे बिना इंजीनियरिंग या नैचुरल साईंसेस के तहत आने वाले प्रोग्राम्स के लिए सीधे प्रवेश पा सकेंगे। कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं के अंक न मिल पाने की वजह से विद्यार्थियों को उनके स्कूल के मौजूदा ग्रेड्स तथा प्रवेश प्रक्रिया में उनके प्रदर्शन के आधार पर प्रोविजनल एडमिशन दिया जाएगा।

## इन्स्पेक्टर संदीप कुमार एवं विजय कुमार को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी देहरादून के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कैन्ट विधानसभा क्षेत्र के बसन्त विहार क्षेत्र के सभी राशन डीलरों तथा खाद्य विभाग के इन्स्पेक्टर संदीप कुमार एवं विजय कुमार को सैनिटाइजर, मॉस्क, गलब्स और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लालचन्द शर्मा ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के दौर में राशन डीलरों द्वारा बिना डरे और बिना रूके जनता की सेवा की जा रही है उसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि वैश्विक महामारी की इस घड़ी में हम सभी को एकजुट होकर समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति व जरूरतमंद लोगों की मदद करनी है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर जनता सरकार के आदेशों का पालन करते हुए अपने घरों में सुरक्षित है वहीं इन लोगों द्वारा लगातार अपनी सेवायें दी जा रही हैं।



# वन विभाग के लिए राहत लेकर आया है लॉकडाउन

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

**दावाः** मानवीय हस्तक्षेप हुआ सीमित

पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय के वन विभाग के लिए लाकडाउन राहत लेकर आया है। ऐसा दावा प्रभागीय वनाधिकारी स्वयं कर रहे है। जिले में जहां अन्य रोजमर्रा की आर्थिक गतिविधियां लाकडाउन के चलते खासा प्रभावित हुई है। वही ऐसे में जिले के वन महकमें को काफी आराम मिला है। बीते वर्ष की तुलना में इस साल जंगलों में आग लगने की घटनाओं में इजाफा हुआ है। जिले में इस साल जंगलों में आग लगने की घटनाओं में 95 फीसद कमी दर्ज की गई है। इस साल जिले में आग लगने की घटनाएं कम होने से वातावरण कुछ हद तक सुधरता नजर आ रहा है। बीते साल अप्रैल के शुरूआती सप्ताह से लेकर मई माह के भीतर जिले के जंगलों में आग लगने के कुल 294 मामले सामने आये।

वही 35109 हेक्टेयर जंगल आगकी भेंट चढ़े। जिले के वन महकमें को आग पर काबू पाने के लिए दिन रात एक करना पड़ा था। इस बार जिले में ये आग लगने के मामले केवल 18 फीसद सामने आ रहे है। डेढ़ माह बीतने के बाद जिले में इस बार 1103 हेक्टेयर ही जंगल जलने की खबर मिल रही है। जंगलों में आग जनी के लिए मानवीय हस्तक्षेप सबसे बड़ा कारण माना जाता है। जंगलों में विकास कार्यो के दोरान स्थानीय मजदूरों द्वारा आग जनी के लिए बीडी सिगरेट पीना भी एक बडा कारण दावाग्नि के लिए माना जाता है। जिले में इस बार देश व्यापी लाकडाउन के चलते जंगलों में लागों की आवाजाही कम होने से भी जिले के ज्रगलों काफी हद तक सुरक्षित देखे गये। दूसरा कारण जिले में हो रही बारिस के कारण ज्रलों में आग लगने के मामले कम हो रही है।

जिले के वन विभाग के प्रभागीय वनाधिकारी विनय भार्गव ने बताया कि 15 फरवरी से शुरू हुआ फायर सीजन आगामी 15 जून को निपट जायेगा। प्रभागीय वनाधिकारी ने माना है कि लाकडाउन के कारण जिले के वन महकमें को खासी राहत मिली है। लॉकडाउन के चलते जंगलों में मानवीय कम हुआ है।

## ठेकेदार एसो. का पदाधिकारी बता मीडिया को किया गुमराहः मनोज पंवार

**संवाददाता** देहरादून। लोनिवि ठेकेदार कल्याण समिति के अध्यक्ष मनोज पंवार ने कहा है कि कुछ व्यक्तियों ने ठेकेदार एसोसिएशन के पदाधिकारी बताते हुए मीडिया को गुमराह करने का काम किया है जिसकी जितनी निंदा की जाये वह कम है। यहां जारी एक बयान में पंवार ने कहा है कि किन्हीं व्यक्तियों द्वारा स्वयं को ठेकेदार एसेसिएशन का पदाधिकारी बताते हुए मीडिया को गुमराह कर समाचार प्रकाशित कराया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देहरादून में एक ही ठेकेदार कल्याण समिति अस्तित्व में हैं, जिसका की पूर्व में चुनाव हुआ था और पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी गठित की गयी थी। उन्होंने कहा कि जिसमें नई कार्यकारिणी में मनोज पंवार अध्यक्ष एवं नवल वासुदेव महासचिव एवं कोषाध्यक्ष सुनील चंदेल हैं, जिसकी सूचना पत्राचार के द्वारा दी गयी थी। विभाग ऐसे व्यक्तियों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र हैं। पंवार ने कहा कि समिति भी इस प्रकार के लोगों का पुरजोर तरीके से विरोध करेगी।